देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 139 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, मंगलवार, 1 सितंबर 2020

विचार-प्रवाह...
विनाशकारी कदम का नतीजा





मौसम अधिकतम 31.0° न्यूनतम 23.0°

38040.57

**2** शी जिनपिंग के आदेश पर कब्जे का प्रयास **7** तो खत्म हो चुका है रैना का सफर?

# चीन को मुंहतोड़ जवाब

## 29-30 अगस्त की रात को चीनी सेना ने मूवमेंट किया, भारतीय सेना ने रोका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। चीन के साथ लगातार बातचीत जमीन पर असर नहीं दिखा रही है। 29-30 अगस्त की रात को भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में ताजा झड़प हुई है। सरकार की ओर से मिली जानकारी के अनुसार, चीनी सैनिकों ने बातचीत से इतर जाते हुए मूवमेंट आगे बढ़ाया। पैंगोंग झील के दक्षिणी किनारे पर चीनी सैनिकों की गतिविधि का भारतीय सेना ने विरोध किया। प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो की रिलीज के अनुसार, सेना ने चीन को आगे बढ़ने नहीं दिया। भारत ने इस इलाके में तैनाती और बढ़ा दी है। इस झड़प के बावजूद, चुशूल में ब्रिगेड कमांडर लेवल की फ्लैग मीटिंग चल रही है। 15 जून की रात को गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प के बाद चीन बॉर्डर पर हुई यह दूसरी सबसे बड़ी घटना है। अभी तक

### चुशूल में ब्रिगेड कमांडर लेवल की बातचीत जारी

सभी जवान सुरक्षित बताए जा रहे हैं। वहीं झड़प के बाद श्रीनगर लेह हाईवे आमजन के लिए बंद कर दिया गया है। वहीं यह हाईवे सेना के लिए खुला रहेगा।

**पैंगोंग के दक्षिणी किनारे पर भारी फोर्स तैनात:** पैंगोंग का दक्षिणी किनारा आमतौर पर चुशूल सेक्टर के नाम से जाना जाता है। मई में जब से यह तनाव शुरू हुआ है, तब से इस इलाके में सैनिकों की मौजूदगी खासी बढ़ गई है। सूत्रों के अनुसार, ताजा झड़प के बाद चुशूल में सैनिकों की भारी तैनाती की गई है। सेना अभी ज्यादा डिटेल्स नहीं दे रही है।

**बातचीत के बावजूद हो गई झड़पः** कई दौर की बातचीत के बावजूद, पूर्वी लद्दाख में तनाव कम नहीं हो रहा है। भारतीय सेना का साफ स्टैंड है कि चीन को अप्रैल से पहले वाली स्थिति बहाल करनी चाहिए।

सैन्य स्तर पर बातचीत के अलावा विदेश मंत्रालय और दोनों देशों के वर्किंग मकैनिज्म फॉर कंसल्टेशन ऐंड को-ऑर्डिनेशन ने भी चर्चा की है। दोनों पक्ष कंपलीट डिसइंगेजमेंट की दिशा में आगे बढ़ने पर बार-बार सहमत हुए हैं लेकिन धरातल पर असर नहीं हुआ।

**पहले भी चीन कर चुका ऐसी हरकतें:** 1999 में जब भारत का ध्यान करगिल में पाकिस्तान की घुसपैठ पर था, तब चीन ने अपने बेस से लेकर फिंगर 4 तक एक कच्ची सड़क बना ली थी। बाद में इसे पक्का कर दिया गया। एक मिलिट्री ऑफिसर के अनुसार, पीएलए के सैनिक अक्सर फिंगर 8 और सिरजप की पोस्ट से अपनी पोस्ट से गाड़ियों में बैठकर इस इलाके में पैट्रोल करते थे। लेकिन फिंगर 2 तक दावा करने के बावजूद उन्होंने इसपर कभी कब्जा नहीं किया था लेकिन अब उन्होंने फिंगर 4-8 के बीच डिफेंस स्ट्रक्चर तैयार कर लिए हैं।

### चीन ने तोड़ा समझौता, फिर खदेड़ा गया

सरकार ने एक बयान में कहा, 29 और 30 अगस्त की रात में, चीनी सैनिकों ने पूर्व में बनी सहमति का उल्लंघन किया। चीनी सेना ने बॉर्डर पर यथास्थिति बदलने की एक और कोशिश की। पैंगोंग झील के दक्षिणी किनारे पर चीनी सेना हथियारों के साथ आगे बढ़ी तो भारतीय सेना ने न सिर्फ रोका, बल्कि पीछे खदेड़ दिया। पीआईबी के अनुसार, भारत ने झड़प वाली जगह पर अपनी पोजिशन मजबूत कर ली है। सेना के पीआरओ कर्नल अमन आनंद की ओर से जारी बयान में कहा गया कि भारतीय सेना बातचीत के जरिए शांति स्थापित करना चाहती है लेकिन अपने देश की रक्षा के लिए भी उतनी ही संकल्पबद्ध है।



### चीन के विदेश मंत्रालय ने भारत के आरोपों को खारिज किया

पेइचिंग। चीन ने लद्दाख में पैंगोंग झील के पास यथास्थिति को बदलने के भारतीय सेना के आरोप को खारिज कर दिया है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजिन ने कहा कि चीन के सैनिक हमेशा से कड़ाई से वास्तविक नियंत्रण रेखा का पालन करते हैं। वे कभी एलएसी को पार नहीं करते हैं। दोनों ही तरफ की सेनाएं वहां की स्थिति को लेकर बातचीत कर रही हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या दोनों पक्ष आपस में बैठक कर रहे हैं, इस झाओ लिजिन ने कहा, दोनों पक्ष राजनयिक और सैन्य माध्यमों से संपर्क में हैं। अगर कोई बातचीत हो रही है तो उसके बारे में हम समय पर जानकारी साझा करेंगे। बता दें कि चीन ने एक बार फिर से भारत के साथ बातचीत के नाम पर लद्दाख के पैंगोंग झील इलाके में छूरा घोपने की कोशिश की। बड़ी संख्या में चीनी सेना के जवानों ने पैंगोंग झील के दक्षिणी किनारे पर रात के समय में यथास्थिति को बदलने की कोशिश की।

## संक्षिप्त समाचार

### रिया चक्रवर्ती से लगातार सीबीआई की पूछताछ जारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई, एजेंसियां। अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी सोमवार को लगातार चौथे दिन मुख्य आरोपी रिया चक्रवर्ती से पूछताछ करी। सुशांत की पूर्व बिजनेस मैनेजर श्रुति मोदी भी पूछताछ के लिए डीआरडीओ गेस्ट हाउस पहुंची थी। वहीं गोवा के होटल व्यवसायी गौरव आर्या से प्रवर्तन निदेशालय पूछताछ कर रही है।

### अवमानना केस में प्रशांत भूषण पर 1 रूपये जुर्माना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने वकील प्रशांत भूषण को अवमानना के जुर्म में 1 रुपये का जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई। भूषण को 15 सितंबर तक जुर्माना अदा करना था। जुर्माना अदा न करने पर भूषण को तीन साल तक वकालत पर रोक और तीन महीने तक की साधारण जेल होती। प्रशांत भूषण ने फैसले के बाद कहा कि उन्हें फैसला मंजूर है लेकिन वह इसके खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ेंगे।

# कांग्रेस का हमला, सीमा पर क्या हैं हालात देश को बताएं

## भाजपा का पलटवार- उतर गया विपक्षी पार्टी का नकाब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। लद्दाख के पैंगोंग सो क्षेत्र में चीन की सेना के उकसावे वाली हरकत के बाद एकजुटता दिखाने के बजाए कांग्रेस ने सरकार पर हमला बोला। कांग्रेस ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को सीमा के हालात से देश को अवगत कराना चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने एक वीडियो जारी कर कहा कि आए दिन भारत की संप्रभुता पर हमला हो रहा है। आए दिन हमारी जमीन पर कब्जे की दुश्मन कब्जा करने की कोशिशें कर रहा है। आए दिन देश की धरती पर चीनी घुसपैठ हो रही है। ऐसे में सरकार कहां है...?

वहीं कांग्रेस के हमले का जवाब देते हुए भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि आज विपक्षी पार्टी का नकाब उतर गया है। जहां तक सवाल लाल आंखों का है वह हमारी सेना के पास हैं और जरूरत पड़ने पर वह दुश्मनों को दिखाती रही है। सेना की इन्हीं लाल आंखों की बदौलत देश की संप्रभुता बरकरार है। मौजूदा वक्त में किसी की हिम्मत नहीं कि जो भारत की ओर आंखें उठाकर देखे। आज हिंदुस्तान का बच्चा बच्चा सेना की ओर गर्व की भावना से देख रहा है। आज देशवासियों को यकीन है कि जब तक यह सरकार और हमारी सेना खड़ी है कोई भी भारत की संप्रभुता पर सवाल नहीं उठा सकता है।

उधर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर सरकार पर नए अंदाज में घेरा। राहुल ने आरोप लगाया कि सरकार ने असंगठित क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था पर हमला किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था 40 वर्षों में पहली बार मंदी में है। पिछले छह वर्षों से सरकार की ओर से नोटबंदी, गलत जीएसटी, लॉकडाउन के जरिए असंगठित अर्थव्यवस्था पर हमला बोला गया है।

### भाजपा का राजीव गांधी ट्रस्ट पर बड़ा आरोप

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने राजीव गांधी फाउंडेशन की फंडिंग को लेकर चौंकाने वाले दावे किए हैं। पार्टी के प्रवक्ता संबित पात्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि राजीव गांधी फाउंडेशन को घोटाले के आरोपी मेहुल चोकसी की कंपनियों से डोनेशन मिलता रहा। उन्होंने कहा कि चोकसी के अलावा RGF को जाकिर नाईक, यस बैंक के राणा कपूर और जिग्नेश शाह का भी नाम लिया। यह सभी किसी न किसी मामले में आरोपी हैं। पात्रा ने कहा कि RGF को डोनेशन कोई संयोग नहीं था, बल्कि सोची-समझी साजिश थी।

# पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी का 84 साल की उम्र में निधन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पूर्व राष्ट्रपति और देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत-रत्न से नवाजे गए प्रणब मुखर्जी का सोमवार को 84 साल की उम्र में निधन हो गया। उनके बेटे अभिजीत मुखर्जी ने ट्वीट कर यह जानकारी दी। कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद उन्हें 10 अगस्त को दिल्ली में आर्मी रिसर्च ऐंड रेफरल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। उनके दिमाग में बने खून के थक्के को हटाने के लिए उनकी ब्रेन सर्जरी की गई थी, जिसके बाद से ही वह वेंटिलेटर पर थे।

**1969 में कांग्रेस के जरिए रखा सियासत में कदमः** 1 दिसंबर 1935 को पश्चिम बंगाल के वीरभूम जिले के मिराती गांव में जन्मे प्रणब मुखर्जी ने 1969 में कांग्रेस के जरिए सियासत की दुनिया में कदम रखा। उसी साल वह राज्यसभा के लिए चुने गए। उन्हें तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के भरोसेमंद सहयोगियों में गिना जाता था। उसके अलावा वह 1975, 1981, 1993 और 1999 में राज्य सभा के लिए चुने गए। इसके अलावा वह 2004 और 2009 में पश्चिम बंगाल की जंगीपुर सीट से 2 बार लोकसभा के लिए भी चुने गए। वह 23 सालों तक कांग्रेस वर्किंग कमिटी के सदस्य भी रहे। प्रणब मुखर्जी की गिनती गांधी परिवार के करीबियों और भरोसेमंद नेताओं में होती थी।

### दुखद

**जुलाई 2012 से जुलाई 2017 तक रहे देश के 13वें राष्ट्रपति**

कांग्रेस के कद्दावर नेताओं में शुमार रहे प्रणब मुखर्जी को पिछले साल ही मोदी सरकार ने देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से विभूषित किया था। जुलाई 2012 से जुलाई 2017 तक देश के 13वें राष्ट्रपति रहे। कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे मुखर्जी 2018 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय नागपुर में उसके एक कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता हिस्सा लिया था। इससे कांग्रेस असहज भी हुई थी।


**Are you Planning to make a Website or already have?**
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# जून तिमाही की जीडीपी रिपोर्ट आई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। जून तिमाही के लिए जीडीपी के आंकड़े सामने आ गए हैं। इकॉनमी की सेहत को लेकर जितनी खराब संभावनाएं जताई जा रही थी, रिपोर्ट उससे भी खराब आई है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में देश की जीडीपी में 23.9 फीसदी की भारी गिरावट दर्ज की गई है।

इधर रॉयटर्स के सर्वे के मुताबिक, दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी इकॉनमी की जीडीपी में जून तिमाही में 18.3 फीसदी की गिरावट आ सकती है। लेकिन जो रिपोर्ट आई है वह सर्वे के मुकाबले कहीं ज्यादा है। पिछली तिमाही यानी जनवरी-मार्च (वित्त वर्ष 2019-20 की आखिरी तिमाही) में इसमें 3.1 फीसदी की बढ़ोतरी हुई थी जो कम से कम आठ साल में भारतीय इकॉनमी का सबसे खराब प्रदर्शन था। इस सर्वे में आर्थिक जानकारों का कहना है कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही यानी जुलाई-सितंबर में विकास दर माइनस 8.1 फीसदी और अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के लिए विकास दर माइनस 1 फीसदी रह सकती है।

### देश की जीडीपी में 23.9 फीसदी की भारी गिरावट